*संपादकीय*

# चिंताजनक संकेत

पंजाब समेत कुछ राज्यों के मतदान में आई गिरावट को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिहाज से अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। चिंता की बात यह भी है कि शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले कम मतदान हुआ। पंजाब व उत्तर प्रदेश के शुरुआती चरणों वाले शहरी मतदान क्षेत्रों में यह प्रवृत्ति नजर आई। खासकर जिन शहरों के बारे में कहा जाता है कि वहां शिक्षित मतदाता अधिक हैं, मतदान के प्रति उदासीनता निराश करने वाली है। आम धारणा रही है कि पढ़े-लिखे मतदाता लोकतंत्र को संवारने-निखारने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। वे विवेकशील ढंग से राजनीतिक विद्रूपताओं के खिलाफ बदलाव के वाहक बन सकते हैं। निश्चित रूप से राजनीति की गुणवत्ता में आई गिरावट और राज्य सरकारों के खराब प्रदर्शन के चलते मतदाता भी उदासीन हुआ है। राजनीतिक दल घोषणा पत्रों में बढ़-चढ़कर दावे करते हैं, लेकिन ये वादे हकीकत नहीं बनते। यही वजह है कि बीते रविवार पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 71.95 फीसदी ही मतदान हुआ, जो कि वर्ष 2017, 2012 और 2007 में हुए पिछले तीन विधानसभा चुनावों के मुकाबले निराशाजनक ढंग से कम है। यह आस थी कि इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला मतदाताओं को बड़ी संख्या में मतदान के लिये निकलने हेतु प्रेरित करेगा। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आया। ऐसे वक्त में जब मतदाताओं के पास जनप्रतिनिधि चुनने के अधिक विकल्प थे, ऊंचे मतदान की उम्मीद थी। इस बार तेरह सौ से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, जिनकी संख्या पिछले विधानसभा चुनाव में कुल ग्यारह सौ के करीब थी। कह सकते हैं कि ये प्रतिनिधि गुणात्मक रूप से मतदाताओं की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं थे। वजह यह भी हो सकती है कि इन प्रत्याशियों में से एक-चौथाई आपराधिक प्रवृत्ति के थे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के साल 2020 के आदेश को सख्ती से लागू करने के आदेश के चलते चुनाव आयोग ने आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास का प्रकाशन-प्रसारण अनिवार्य बनाया, जिसके चलते इन उम्मीदवारों पर बीते वर्ष में दर्ज प्राथमिकियों का विवरण सार्वजनिक हुआ। कहा जा रहा है कि दागी उम्मीदवारों की चुनाव में बड़ी संख्या में सक्रियता ने कुछ मतदाताओं का मोहभंग किया, जिसके चलते कई लोगों ने मताधिकार का प्रयोग करने में उदासीनता दर्शायी। वहीं चुनाव से पहले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की अवसरवादिता ने भी मतदाताओं को निराश ही किया। राजनीतिक कोलाहल व आरोप-प्रत्यारोपों की राजनीति को अमृतसर पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में औसत से कम मतदान होने की वजह माना जा रहा है। यहां चुनाव मैदान में चर्चित राजनेता थे। राज्य कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के मुकाबले अकाली दिग्गज बिक्रम सिंह मजीठिया मैदान में थे। आक्रामक चुनाव प्रचार का लाभ भी इन नेताओं को मतदान के रूप में नहीं मिल पाया। कहीं न कहीं मतदाताओं की राज्यव्यापी उदासीनता, अरुचि व मोहभंग जैसी स्थिति के मूल में विभिन्न सरकारों का निराशाजनक प्रदर्शन भी रहा। खासकर राज्य के युवाओं में यह भावना तेजी से बढ़ी है कि बदलाव के थोथे दावों के बावजूद रोजगार संकट व उनके अन्य मुद्दे जस के तस हैं, जिसके चलते पंजाब के तमाम युवाओं को देश व विदेश के विभिन्न भागों में बेहतर रोजगार के लिये पलायन करना पड़ रहा है। कमोबेश सभी राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्रों में किये गये बड़े-बड़े वादों को हकीकत में बदलने में नाकाम रहे हैं। निस्संदेह, यह स्थिति राजनीतिक दलों व जनप्रतिनिधियों को आत्मनिरीक्षण का अवसर देती है कि क्यों मतदान से मोहभंग होने की प्रक्रिया तेज हुई है। यह भी कि उनके प्रति उपजा अविश्वास कैसे दूर किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, राज्य चुनाव आयोग के चुनाव अधिकारियों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये उनकी मुहिम सिरे क्यों नहीं चढ़ी है। उन्हें अपने मल्टीमीडिया जागरूकता अभियान की प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन करना चाहिए कि क्यों वह भी मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पाया है। निस्संदेह, मतदान के प्रति उदासीनता का यह भाव भारतीय लोकतंत्र के प्रति शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता।

# भारतीय शेयर बाजार धड़ाम, कुछ ही मिनटों में निवेशकों के डूबे 8 लाख करोड़



**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष ने नया मोड़ तब ले लिया जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने सैन्य अभियान की घोषणा कर दी। इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी हुआ और गुरुवार को बाजार खुलने के साथ ही धराशायी हो गया। कुछ ही मिनटों के भीतर ही निवेशकों को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया।

गौरतलब है कि बीते कारोबारी सत्र में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 255.68 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन गुरुवार को आई भारी गिरावट के कारण ये 248.09 लाख करोड़ रुपये से भी नीचे पर आ गिरा। फिलहाल, बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1800 अंक टूटकर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं।

बाजार की नकारात्मक धारणा के बीच मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों को बड़ा झटका लगा है। आज के कारोबार में बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में क्रमश: 576 अंक और 804 अंक की गिरावट आई। हालात ये हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार में भी अस्थिरता बढ़ी, भारत वीआईएक्स शुरुआती कारोबार में 22.39 फीसदी चढक़र 30.16 पर पहुंच गया है। सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो अभी तक 3.96 फीसदी की गिरावट के साथ टाटा स्टील, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख गिरने वाले शेयरों में शीर्ष पर रहे।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय शेयर बाजार में 16 फरवरी के बाद से जो उथल-पुथल मची है, उसके चलते निवेशकों को भारी नुकसान झेलन पड़ रहा है। इसमें सबसे अहम भूमिका रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष ने निभाई है, जिसका दुनियाभर के बाजारों पर बुरा असर पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार तक बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैपिटलाइजेशन 9.1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कम आ गई थी। वहीं गुरुवार को आई गिरावट ने इस आंकड़े को और भी ऊपर ला दिया है।

बता दें कि शेयर बाजार में आए भूचाल के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार रूस और यूक्रन के बीच जारी तनाव है। पुतिन के संबोधन के बाद निवेशकों की धारणाओं पर असर पड़ा और एकदम से बाजार धराशायी हो गए। खबर के अनुसार, पूर्वी यूक्रेन में विशेष सैन्य कार्रवाई शुरू करने की घोषणा के बाद रूसी सेना कुछ यूक्रेनी शहरों पर बमबारी कर रही थी। निवेशकों के नजरिए से रूस की कार्रवाई संभवत: सबसे खराब स्थिति है। इसके अलावा रूस-यूक्रेन संकट के कारण 2014 के बाद पहली बार वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर हो गईं, इसका असर भी निवेशकों पर पड़ा है। वहीं तीसरे कारण की बात करें तो फरवरी डेरिवेटिव श्रृंखला गुरुवार को समाप्त हो रही है। भारत वीआईएक्स शुरुआती कारोबार में 22.39 फीसदी चढक़र 30.16 पर पहुंच गया है।

# जीएमआर ग्रुप ने यूएई टी-20 लीग में खरीदी फ्रेंचाइजी



**दुबई ।** दिल्ली स्थित जीएमआर ग्रुप ने यहां जल्द ही शुरू होने वाली यूएई टी-20 क्रिकेट लीग में फ्रेंचाइजी का स्वामित्व हासिल किया है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इसकी पुष्टि की।

ईसीबी ने एक बयान में कहा, भारत आधारित बुनियादी ढांचा पावरहाउस जीएमआर ग्रुप ने यूएई में होने वाली यूएई टी-20 लीग में दुबई फ्रेंचाइजी के स्वामित्व और संचालन का अधिकार हासिल कर लिया है। उल्लेखनीय है कि जीएमआर ग्रुप आईपीएल की दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी का को-ऑनर भी है। जीएमआर ग्रुप के चेयरमैन जीएम राव ने इस बारे में कहा, आईपीएल में हमारी दिल्ली कैपिटल्स टीम की भागीदारी के माध्यम से हमारी टीम के पास फ्रेंचाइजी प्रक्रिया को संभालने का 14 सीजन का अनुभव है और हम इन प्रक्रियाओं के समान तत्वों को यूएई टी-20 लीग में एकीकृत करेंगे और इसे एक प्रीमियर और वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगे।

जीएमआर ग्रुप के कॉर्पोरेट अध्यक्ष किरण कुमार ग्रंथी ने एक बयान में कहा, आईपीएल के अपने कई वर्षों के अनुभव के आधार पर हम उभरते खिलाडिय़ों के लिए एक समृद्ध क्रिकेट वातावरण तैयार करेंगे, जो क्रिकेट प्रेमियों को काफी उत्साहित करेगा।

# टाटा मोटर्स ने पेश किए एसयूवी के नए काजीरंगा संस्करण

**कोलकाता ।** भारत के प्रमुख ऑटोमोटिव ब्रांड टाटा मोर्टस ने देश की समृद्ध भौगोलिक और जैविक विविधता से प्रेरित होने के साथ-साथ महान राष्ट्रीय उद्यानों को नमन करते हुए एसयूवी के अकृषित काजीरंगा संस्करण को प्रस्तुत किया है।

एसयूवी के इस विशेष संस्करण में देश की पहली सह छोटी एसयूवी पंच, देश की पहली जीएनसीएपी पांच स्टार प्रमाणित कार नेक्सॉन, लैंड रोवर डीएनए के साथ कंपनी की खास एसयूवी हैरियर और कंपनी की सात सीटों वाली सफारी शामिल है।

बुधवार से शुरू हुई बुकिंग के साथ यह काजीरंगा संस्करण सभी प्रमुख विक्रेताओं के पास उपलब्ध होगा। समारोह के दौरान टाटा मोटर्स पैसेंजर्स वेह्किल्स लिमिटेड में ब्रिक्री, विपणन और ग्राहक सेवा के उपाध्यक्ष राजन अंबा ने कहा ग्राहकों के लिए हम अपनी एसयूवी श्रृंखला में विविधता ला रहे है और हमें आशा है कि इस क्षेत्र में प्रमुख होने के साथ इस प्रस्तुती से हमारी स्थिति और अधिक मजबूत होगी।

# दिल्ली लगातार दूसरी बार फाइनल में, पटना से होगी खिताबी भिड़ंत



**बेंगलुरु।** दबंग दिल्ली केसी ने खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में छठे सीजन के चैम्पियन बेंगलुरू बुल्स को 40-35 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली।


बीते सीजन के सेमीफाइनल में भी दिल्ली ने बुल्स को 44-38 हराया था और अब एक बार फिर उसने अपने हरफनमौला खेल की बदौलत बुल्स को हराकर 25 फरवरी को होने वाले फाइनल में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स से खेलने का हक हासिल किया है। मजेदार बात यह है कि इस सीजन में लीग स्तर पर दिल्ली ने दो बार पटना को हराया है।

दिल्ली की जीत में उसके स्टार रेडर नवीन कुमार (14) की अहम भूमिका रही। इसके अलावा नीरज नरवाल ने एक सुपर रेड के साथ 5 अंक लिए। दिल्ली के डिफेंस ने 11 अंक लिए। बुल्स के लिए हाईफ्लायर पवन सेहरावत ने 18 अंक लिए लेकिन कोई और रेडर उनका साथ नहीं दे सका। बुल्स के डिफेंस ने 9 अंक लिए।

इससे पहले तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स के डिफेंस ने अपने कोच राममेहर सिंह की परदीप नरवाल को नहीं चलने देने की रणनीति पर बखूबी काम किया और साथ ही रेडरों ने अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय करते हुए अपनी टीम को चौथी बार प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के फाइनल में पहुंचा दिया।

पटना ने सीजन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी को 38-27 से हराया। खास बात यह है कि परदीप के साथ लगातार तीन खिताब जीतने वाली पटना परदीप के बगैर पहला सीजन खेलते हुए भी फाइनल में पहुंची है। दूसरी ओर, परदीप पर करोड़ों खर्च करने वाली यूपी ने पहला फाइनल खेलने का मौका गंवा दिया।

# दुती चंद ने मीट रिकॉर्ड तोड़ा



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय 100 मीटर रिकॉर्ड धारक दुती चंद ने यहां केआईआईटी विश्वविद्यालय में 81वीं अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय एथलेटिक्स (महिला) चैंपियनशिप 2021-22 में मीट रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। दुती ने रिकॉर्ड11.44 सेकेंड में जीत दर्ज की। उनके साथ, जैन डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की प्रिया एच मोहन (400 मीटर, 52.58 सेकंड), सावित्रीबाई फुले, पुणे की जगदाले कोमल (3000 मीटर स्टीपलचेज़, 10.00,23) और मनोनमनियम सुंदरन की ग्रेसेना मेरली (ऊंची कूद 1.84 मीटर) ने नए मीट रिकॉर्ड बनाये।

केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर की दुती ने दूसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चलीफाई किया है। केआईआईटी विश्वविद्यालय की ही मधुमिता देब ने दौड़ में छठा स्थान हासिल किया और दूसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों के लिए चलीफाई किया। केआईआईटी विश्वविद्यालय (दुती, मधिमिता, रिया कुमारी और शताक्षी रे), उत्कल विश्वविद्यालय और संबलपुर विश्वविद्यालय की 4&100 मीटर रिले टीमों ने कल होने वाले सेमीफाइनल के लिए चलीफाई किया।

# नंदिनी ने सेमीफ़ाइनल में पहुंचकर सुनिश्चित किया पदक



**सोफिया।** युवा मुक्केबाज नंदिनी ने 73वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए पहला पदक पक्का कर लिया है।

नंदिनी ने महिलाओं के 81 से से अधिक किग्रा वर्ग के चर्टर फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की वेलेरिया एक्सेनोवा पर आसान जीत दर्ज की। नंदिनी ने शुरुआत से ही वेलेरिया पर दबदबा बनाया। उनके सटीक और शक्तिशाली पंचों ने तीसरे दौर में वेलेरिया को हिला कर रख दिया। परिणामस्वरूप नंदिनी को विजेता घोषित कर दिया गया।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन नंदिनी ने अब टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करके भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है, जहां वह कजाकिस्तान की अन्य मुक्केबाज, पूर्व विश्व चैंपियन एवं 2021 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता लज्जत कुंगेइबायेवा से भिड़ेंगी।

इस बीच मौजूदा युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी और परवीन ने भी मंगलवार देर रात को अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबलों में 5-0 की प्रभावशाली जीत के साथ चर्टर फाइनल में प्रवेश किया। अरुंधति ने जहां 70 किग्रा में इटली की मेलिसा जेमिनी को मात दी, वहीं परवीन ने 63 किग्रा में कजाकिस्तान की आइदा अबीकेयेवा को धूल चटाई, हालांकि सचिन कुमार (80 किग्रा) और रोहित मोर (57 किग्रा) और तीन महिला मुक्केबाज मीना रानी (60 किग्रा), अंजलि तुशीर (66 किग्रा) और स्वीटी (75 किग्रा) अपने-अपने मुकाबलों में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। यूरोप के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के चौथे दिन गुरुवार को अनामिका (50 किग्रा) पदक हासिल करने की कोशिश करेंगी, जब वह चर्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगे, जबकि सुमित (75 किग्रा) दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे।

# प्रकाश पादुकोण पर बायोपिक बनाने जा रही हैं दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण आजकल फिल्म गहराइयां को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म रिलीज हो गई है, जिसे दर्शकों ने नकार दिया है। सोशल मीडिया पर भी दीपिका की इस फिल्म को खूब ट्रोल किया गया है। बहरहाल, दीपिका अब अपने अगले प्रोजेक्ट में व्यस्त हो गई हैं। वह अपने पिता और मशहूर बैडमिंटन प्लेयर प्रकाश पादुकोण के जीवन पर बनने वाली फिल्म पर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा, मेरे पिता ने एक मैरिज हॉल में ट्रेनिंग की। वह उनका बैडमिंटन कोर्ट हुआ करता था। उन्होंने अपने शॉट को सटीक बनाने के लिए बीम जैसी चीजों का इस्तेमाल किया। अगर उनके पास वो सुविधाएं होतीं, जो आज भारत के एथलीटों के पास हैं तो वह कहीं ज्यादा बेहतर होते।

दीपिका ने आगे कहा, मैं अपने पिता की फिल्म पर ही काम कर रही हूं। जहां तक भारतीय खेल का संबंध है, 1983 का वर्ल्ड कप होने से पहले ही वह (प्रकाश पादुकोण) भारत को वर्ल्ड मैप पर रखने वाले पहले भारतीय एथलीटों में से एक थे। उन्होंने कहा, मेरे पिता ने 1981 में विश्व चैम्पियनशिप जीती और भारत को दुनियाभर में प्रसिद्धि व सम्मान दिलाया। दीपिका अपने पिता के बेहद करीब हैं। वह उन्हें अपनी प्रेरणा मानती हैं।

दीपिका अब प्रोड्यूसर भी बन गई हैं। पिछले साल आई क्रिकेट पर आधारित फिल्म 83 को उन्होंने को-प्रोड्यूस भी किया था।

# बीस्ट के अरेबिक कुथु ने इंटरनेट पर मचाई खलबली



निर्देशक नेल्सन की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर फिल्म बीस्ट के पहले गाने अरेबिक कुथु को रिलीज होने के एक दिन के भीतर ही यूट्यूब 2 करोड़ व्यूज मिल गए हैं। अनिरुद्ध द्वारा धुन पर सेट, जिन्होंने जोनिता गांधी के साथ पेप्पी गाना भी गाया है, इस गाने के बोल अभिनेता शिवकार्तिकेयन के हैं।

फुट-टैपिंग नंबर इंटरनेट पर रिकॉर्ड तोड़ता नजर आ रहा है। वास्तव में, गाने को 4.5 लाख बार देखा गया, 1.75 लाख से अधिक लोगों ने रिलीज होने के केवल सात मिनट के भीतर लाइक किया।

बहुप्रतीक्षित फिल्म बना रही सन पिक्चर्स ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा, यह अब वास्तविक समय में 2 करोड़ बार देखा गया है!

## आज का राशिफल

***मेष***: नियमित व्यायाम के माध्यम से वजऩ को नियंत्रित रखें। आज के दिन धन हानि होने की संभावना है, इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में सतर्क रहें। एक ख़ुशनुमा और बढिय़ा शाम के लिए आपका घर मेहमानों से भर सकता है। प्रेम के नज़रिए से आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा।

***वृष***: आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। लंबे समय से अटके मुआवज़े और कजऱ् आदि आखिरक़ार आपको मिल जाएंगे। करियर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना खेलना-कूदना।

***मिथुन***: अवांछित विचार दिमाग़ में छा सकते हैं। खुद को शारीरिक व्यायाम का मज़ा लेने दें, क्योंकि खाली दिमाग़ शैतान का घर होता है। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे।

***कर्क***: आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। आर्थिक जीवन में आज खुशहाली रहेगी। इसके साथ ही आप कर्जों से भी आज मुक्त हो सकते हैं।

***सिंह***: ख़ुद को सेहतमंद और दुरुस्त रखने के लिए वसायुक्त और तली-भुनी चीज़ों से दूर रहें। दिन भर भले ही आप धन को लेकर जूझते रहें, लेकिन शाम के वक्त आपको धन लाभ हो सकता है।

***कन्या***: अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। ख़र्चों पर क़ाबू रखने की कोशिश करें। आपका प्रिय रूमानी तौर पर आपको मक्खन लगा सकता है।

***तुला***: आपमें से कुछ लोगों को आज महत्त्वपूर्ण फ़ैसला लेने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है, जिससे आप तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं। धन खर्च हो सकता है।

***वृश्चिक***: आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे। आज पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे शख्स से हो सकती है, जो आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए आपको अहम सलाह दे सकता है।।

***धनु***: घर पर तनाव का माहौल आपको नाराज़ कर सकता है। इसे दबाना आपकी शारीरिक समस्याओं में इज़ाफ़ा कर सकता है। शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाकर इससे निजात पाएं।

***मकर***: बेहतर जिंदगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें। बोलते और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की ज़रूरत है। रोमांस के लिए अच्छा दिन है। दफ़्तर में कोई आपकी योजनाओं में अड़ंगा लगा सकता है।

***कुंभ***: चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें। साथ ही सही तरीके से कमर सीधी करके बैठना न केवल व्यक्तित्व में सुधार लाता है, बल्कि सेहत और आत्म-विश्वास के स्तर को भी ऊपर ले जाता है।

***मीन***: अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है, तो आपका वक्त हंसी-ख़ुशी और सुकून भरा रहेगा। कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है।

## टेस्टी 'कॉर्न चीज़ बॉल्स'



स्नैक्स में कॉर्न चीज़ बॉल्स बनाने का आइडिया बर्थडे पार्टी हो, एनिवर्सरी या फिर किटी पार्टी, एकदम बेस्ट है। मेहमानों बिना रूके इसे खाएंगे और आपकी तारीफ करते भी नहीं थकेंगे।

**सामग्री :**

कॉर्न- 1 कप, उबले आलू कद्दूकस किए हुए- 1 कप, प्रोसेस्ट चीज़- 3/4 कप, कॉर्न फ्लोर- 2 टेबलस्पून, मैदा- 2 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार, चीनी- 1 टीस्पून, हरी मिर्च बारीक कटी- 1 टीस्पून, ताजी हरी धनिया बारीक कटी- 1 टेबलस्पून, बेकिंग पाउडर- 1/8 टीस्पून, दूध- 1/4 कप, ब्रेड क्रम्ब्स- 1/2 कप

**विधि :**

- सबसे पहले कॉर्न को दरदरा पीस लें।
- एक बाउल में कॉर्न, उबले आलू, चीज़, कॉर्न फ्लोर, मैदा, नमक, चीनी, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और बेकिंग पाउडर सारी चीज़ों को एक साथ मिक्स करें।
- इस मिक्सचर से 13-15 बॉल्स तैयार कर लें।
- इन सारे बॉल्स को 10-15 मिनट के लिए फ्रीज में रख दें।
- फ्रीज से इन बॉल्स को निकालकर दूध में डीप करें फिर ब्रेड क्रम्ब्स में डालकर चारों तरफ से इसे कवर कर लें।
- कड़ाही में तेल गरम होने के लिए रख दें।
- जब तेल अच्छे से गरम हो जाए तब आंच को मीडियम कर इन बॉल्स को उसमें डालकर सुनहरा होने तक फ्राई कर लें।
- गरमा-गरम टमैटो केचअप या हरी चटनी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 360

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 359 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.359 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |